लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....पंजाब केसरी....
दिनांक 11. 12. 2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 1-4

# अमृतसर यूनिवर्सिटी को 18 रन से हराकर एम.डी.यू. रोहतक बना चैम्पियन

## पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ रही तीसरे स्थान पर

हिसार, 10 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा विश्वविद्यालय में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक ने जीता।

प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में जी.जे.यू. के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार रहे। द्वितीय स्थान पर गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर रही। तीसरे स्थान के लिए गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में हुए मैच में पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में प्रो. के.पी. सिंह मुख्यातिथि थे तथा विशिष्टातिथि के तौर पर महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक से डा. देवेन्द्र ढूल उपस्थित थे।

प्रो. के.पी. सिंह ने खिलाड़ियों को पारितोषिक वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उम्मीद जाहिर की कि यह खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भारत सरकार ने खेल को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया के तहत 13 करोड़ रुपए व जिन्दल स्पोर्ट्स ने 10 करोड़ रुपए प्रदान किए हैं। विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का ग्रेड ए एथलैटिक ट्रैक, जिम, मल्टीपर्पज हाल, टैनिस कोर्ट, जल्द ही खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध होने वाले हैं।



एम.डी.यू. रोहतक की विजेता टीम को ट्राफी भेंट करते अतिथिगण।

## विशिष्टातिथि ने खिलाड़ियों को सराहा

विशिष्टातिथि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक डा. देवेन्द्र ढुल ने विश्वविद्यालय को शानदार आयोजन के लिए सराहना की तथा कहा कि विश्वविद्यालय में रहने की खाने की, आने-जाने की इत्यादि उत्तम सुविधाएं प्राप्त की। उन्होंने डाबड़ा गांव की एम.डी.यू. में पढ़ने वाली छात्रा शीतल राणा को भारतीय टीम मे शामिल होने पर बधाई दी। इस अवसर पर गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के शरीरिक शिक्षा निदेशक डा. शशि भूषण, विश्वविद्यालय के ओ.एस.डी., रजिस्ट्रार, विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता व निदेशक, सम्पदा अधिकारी के अलावा सहनिदेशक छात्र कल्याण व खेलकूद विभाग के कोच, प्राध्यापक, छात्र व कर्मचारी मौजूद रहे।

## ये रहे विजेता

छात्र कल्याण निदेशक, डा. देवेन्द्र दहिया ने बताया कि फाइनल मैच में एम.डी.यू. रोहतक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में 115 रन बनाए। इस स्कोर की पीछा करते हुए अमृतसर यूनिवर्सिटी की टीम 107 रन पर आल आऊट हो गई। अमृतसर की ओर से प्रियंका मलिक ने सबसे ज्यादा 14 रन बनाए जबकि एम.डी.यू. रोहतक की ओर से शीतल राणा सर्वाधिक 33 रन बनाए। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक ने गुर नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर को 18 रन से हराया जबकि तीसरे स्थान के लिए पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ ने शिमला विश्वविद्यालय को 61 रन से हराया।

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण

दिनांक 11. 12. 2019 पृष्ठ सं. 19 कॉलम 2-8

# जीएनडीयू को हरा एमडीयू की टीम बनी चैंपियन

## नोर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन, पीयू की टीम तीसरे स्थान पर

**18** रन से जीत कर एमडीयू की टीम बनी चैंपियन

**115** रन का एमडीयू की टीम ने दिया था लक्ष्य

**97** रन पर जीएनडीयू की टीम को किया ढेर

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रही नोर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला एमडीयू रोहतक और जीएनडीयू( गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी) अमृतसर के बीच खेला गया। एमडीयू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 115 रन बनाए।

जीत के इरादे से लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएनडीयू की पूरी टीम 97 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह एमडीयू ने 18 रन से जीत दर्ज कर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। अब फरवरी में जयपुर में प्रस्तावित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में एमडीयू रोहतक और अमृतसर की टीम प्रतिभाग कर सकेंगी। प्रतियोगिता के समापन समारोह में एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने विजेता व रनरअप टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। वहीं एमडीयू रोहतक से डायरेक्टर स्पोर्ट्स डा. देवेंद्र ढुल ने प्रतियोगिता के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की।

गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी में मंगलवार को तीसरे स्थान के लिए पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला के बीच मुकाबला हुआ। पीयू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 125 रन बनाए। जीत के इरादे से लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिमला की टीम 64 रन पर ऑलआउट हो गई। यह मैच पीयू ने 61 रनों से जीत लिया। शिमला टीम की ओर से कोई भी खिलाड़ी क्रीच



एचएयू के गिरी सेंटर में नोर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की टीम ट्रॉफी के साथ खुशी मनाते हुए। • जागरण




नोर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रही गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर की टीम को ट्रॉफी देते मध्य

### एक महीने बाद एचएयू को खेल में यह बड़े प्रोजेक्ट मिलेंगे

खेलो इंडिया के तहत 13 करोड़ रुपये व जिन्दल स्पोर्ट्स ने 10 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं, जिसके तहत एचएयू को अंतरराष्ट्रीय स्तर का ग्रेड ए एथलेटिक्स ट्रैक, जिम, मल्टीपर्पज हॉल, टेनिस कोर्ट जल्द ही खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध होने वाले हैं। इसमें से जिम, मल्टीपर्पज हॉल और ट्रैक पर एक महीने के भीतर निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही जल्द ही शारीरिक शिक्षा से जुड़े विशेषज्ञों व कोच को लाने की तैयारी भी की



### पहली बार महिलाओं की विजया ट्रॉफी एमडीयू में होगी

युवाओं के लिए देश में क्रिकेट में विजया ट्रॉफी आयोजित की जाती है। इसमें अभी तक विश्वविद्यालय के छात्र ही खेल सकते थे। मगर इस बार ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड ने तय किया है कि महिलाओं के लिए भी विजया ट्रॉफी आयोजित की जाएगी। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी को क्वालीफाई करने वाली टीमें विजया ट्राफी में भाग ले सकेंगी। यह प्रतियोगिता एमडीयू रोहतक में मार्च माह में कराई जाएगी। मार्च माह में आयोजित होने वाली इस ट्रॉफी के खिलाड़ी अभी से ही तैयारी में जुट गए है। देश भर की टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। ऐसे में स्पर्धा में कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

एचएयू के गिरी सेंटर में नोर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम रही महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की टीम की जीत के बाद डांस करती खिलाड़ी दिव्या कौशिक। • जागरण।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर
दिनांक: 11.12.2019 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 1-8

# नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट प्रतियोगिताः एमडीयू रोहतक की टीम ने गुरु नानकदेव विश्वविद्यालय अमृतसर को 18 रनों से हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा विश्वविद्यालय में हुई प्रतियोगिता के समापन पर प्रो. सिंह ने खिलाड़ियों को बांटे पुरस्कार, क्रिकट मैच में हर सिक्सर पर 1750 देने की भी हुई घोषणा

भास्कर न्यूज| हिसार

चौधरी चरण सिहं हरियाणा विश्वविद्यालय में चल रही नॉर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक ने शानदार जीत दर्ज कर प्रतियोगिता में विजेता घोषित हुई। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक ने गुरु नानकदेव विश्वविद्यालय अमृतसर को 18 रन से हराया। गुरु नानकदेव विश्वविद्यालय अमृतसर द्वितीय स्थान पर रही तथा तीसरे स्थान पर पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ ने अपना कब्जा किया। प्रतियोगिता के दौरान मुकाबले को रोमांचक बनाने के लिए खिलाड़ियों द्वारा हर सिक्स पर 1750 रुपये देने की घोषणा की गई। प्रतियोगिता के समापन समारोह में एचएयू के वीसी प्रो. केपी सिहं मुख्य अतिथि रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से डॉ. देवेन्द्र ढुल मौजूद रहे। प्रो. सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही खिलाड़ियों से राष्ट्रीय स्तर पर बढिया प्रदर्शन करने का भी इच्छा जताई। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय मे अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसित की जा रही है और भविष्य में हरियाणा खेलों में ओर अधिक बढ़िया प्रदर्शन करेगा।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान शॉट लगाती बल्लेबाज।

### एचएयू में जल्द तैयार होगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का ग्रेड ए एथलेटिक ट्रैक : प्रो. केपी सिंह

एचएयू के वीसी प्रो. केपी सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने खेल को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया के तहत 13 करोड़ रुपये व जिंदल स्पोर्टस ने 10 करोड़ रुपये प्रदान किये हैं। विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्तर का ग्रेड ए एथलेटिक ट्रैक, जिम, मल्टीपरपज हाल, टेनिस कोर्ट, जल्द ही खिलाडियों के लिए उपलब्ध होने वाले है। उन्होंने कहा कि यह बड़ा हर्ष का विषय है कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एल्यूमिनाई विभिन्न संस्थानों में खेल मे बड़े पदों पर कार्य कर रहें है। विश्वविद्यालय खेलों को अधिक से अधिक बढावा देने के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित करता रहेगा। डॉ. देवेन्द्र ढुल ने विश्वविद्यालय को शानदार आयोजन के लिए सराहना की तथा कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा रहने, खाने व आने-जाने की उत्तम सुविधाएं प्राप्त की। इस मौके पर गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. शशि भूषण, विश्वविद्यालय के ओएसडी, रजिस्ट्रार मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम...............सिटी पल्स...............

दिनांक 10.12.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 3-4

नोर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

# एमडीयू रोहतक ने गुरूनानकदेव विवि अमृतसर को हरा जीता खिताब



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा विश्वविद्यालय में चल रही नोर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक ने शानदार जीत दर्ज कर प्रतियोगिता में विजेता घोषित हुई। वही द्वितीय स्थान पर गुरूनानकदेव विश्वविद्यालय, अमृतसर रही तथा तीसरे व चौथे स्थान के लिए गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मे आयोजित मैच मे पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में प्रो. के.पी. सिंह, मुख्य अतिथि थे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक डॉ. देवन्द्र ढुल उपस्थित थे।

प्रो. सिंह ने खिलाडियों को पारितोषिक वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उम्मीद जाहिर की कि यह खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बढिया प्रदर्शन करेंगे। उन्होने बताया कि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसित की जा रही है और भविष्य में हरियाणा खेलो में ओर अधिक बढिया प्रदर्शन करेगा। भारत सरकार ने खेलो इण्डिया के तहत 13 करोड़ रूपये व जिन्दल स्पोर्टस ने 10 करोड़ रूपये प्रदान किये है। उन्होने कहा कि यह बड़ा हर्ष का विषय है कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एल्यूमिनाई विभिन्न संस्थानों में खेल में बडे पदों पर कार्य कर रहें है।